

## एक नजर में

### एक दिवसीय सत्संग 23 सितम्बर को

**ब्यावरा 17 सितंबर, का.** नगर में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन 23 सितंबर को स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में रखा गया है . जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध कथा वाचक प्रेमनारायण जी गेहूंखेड़ी वाले के मुखारबिंद से 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे से सत्संग का आयोजन होगा . धर्मप्रेमी नागरिकों से सत्संग के आयोजन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है .

### नवरात्रि पर्व मनाने बैठक हुई



**जीरापुर 17 सितब्बर, सं.** स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला में बीजासन माता मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई . नगर के कुम्भकार मोहल्ला स्थित प्राचीनतम धार्मिक स्थल बीजासन माता मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाने के लिए आयोजित इस बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई . नवरात्रि उत्सव की रुप रेखा एवं प्रतिदिन धार्मिक माहौल में आयोजन हो जिस पर विचार रखे . प्रतिवर्ष की तरह बीजासन माता मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा के साथ प्रतिदिन माता का श्रृंगार, आरती हवन अन्य धार्मिक अनुष्ठान पुजा साधना की जावेगी . बैठक में महाकाल राजा ग्रुप द्वारा विशाल चूनरी यात्रा 27 सितम्बर शनिवार को निकाली जायेगी तथा 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विशाल पथ संचलन निकाला जावेगा जिसकी जानकारी भी दी गई . दुर्गा नवमी पर छप्पन भोग महाप्रसादी, महाआरती भजन संध्या आदि . इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की . बैठक में पवन कुशवाहा बाबूलाल दांगी, भगवान सिह तोमर ,संजय गुप्ता हार्ड वेयर , सुधीर जमींदार, महेंद्र कुम्भकार , मोहनलाल पुष्पद ,अमीत करोडिया , घनश्याम भिलाला, हेमन्त जोशी,नितेश दुपाडिय़ा , मनोहर गुप्ता मुनीम ,राजेंद्र जमींदार बबलू, सुनील गुप्ता,अजय बेरिस्टर , लोकेश शर्मा , नवनीत जोशी, पंकज चौधरी , मनोज रेडीमेड , अरविंद मेवाडें सहित बडी संख्या में युवा वर्ग मौजूद रहे .

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**राजगढ़ 17 सितब्बर, का .** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अभियान अंतर्गत गुरुवार को स्वच्छहोत्सव के रूप में मनाया गया . साथ ही 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले इस अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत कुंवर कोटरी में किया गया . स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान में विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ सहित जनप्रतिनिधि गण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे . कार्यक्रम में गुरु आश्रम मंदिर के पास श्रमदान कर साफ सफाई की गई . साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया व सुनाया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई .

# भवन पर ताला, चबूतरे पर लग रही पंचायत

## पंचायती राज अव्यवस्था : अव्यवस्थाओं से घिरी पंचायत भवन, स्कूल परिसर में लगे कचरे, गोबर के ढेर

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 17 सितंबर, सं. शासन द्वारा आमजन की सुविधा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने लाखों रुपये लगाकर पंचायत एवं स्कूल भवनों का निर्माण कराया गया किंतु धरातल पर कई जगह हालात अचंभित करने वाले है. पंचायत भवन, स्कूल परिसर बुरी तरह अव्यवस्थाओं से घिरे हुए है.**

पंचायत भवन, स्कूल परिसर में कचरे, गोबर के ढेर लगे हुए है. कई जगह परिसर अतिक्रमण की चपेट में होने से इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है. ऐसा ही एक मामला खिलचीपुर तहसील की ग्राम पंचायत गाडाहेट में सामने आया है.

शासन द्वारा ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या का हल गांव में ही हो सके इस उद्देश्य को लेकर पंचायती राज लागू किया गया. शासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण कराया ताकि भवन में ही बैठकर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक आमजन की समस्याओं को जानकर उनका निराकरण कर सके. वृद्धावस्था पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवासी प्रमाण पत्र, आवास, शौचालय, स्वच्छता आदि कई समस्याओं का गांव में ही निपटारा हो सके और लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े. लेकिन लापरवाही के चलते शासन की मंशानुरुप आमजन को लाभ नहीं मिल पा रहा है.





### लम्बे समय से नहीं खुला ताला

ग्राम पंचायत गाडाहेट में लम्बे समय से पंचायत भवन का ताला ही नहीं खुलने की बात कही जा रही है . जनसुनवाई नहीं लगती है, ऐसे में ग्रामीणजन अपने कामों को लेकर जनपद कार्यालय के चक्कर लगाते रहते है . गांव का स्कूल भवन भी जर्जर हो गया है . स्कूल के पास ही मौजूद राजीव गांधी सेवा केंद्र में स्कूल लगाया जा रहा है . स्कूल हो या आंगनबाड़ी भवन इन परिसर के आसपास कचरा, गंदगी फैली हुई है .

### राशन वितरण में गड़बड़ी पर सैल्समैन को हटाया

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का.** शासकीय उचित मूल्य दुकान सवासडा के विक्रेता द्वारा माह जुन, जुलाई एवं अगस्त का राशन सही मात्रा में वितरण नहीं करने तथा अनियमित वितरण करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता निरीक्षक द्वारा जांच के बाद अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज द्वारा विक्रेता रामकरण सौंधिया एवं प्रबंधक को कार्य से पृथक करते हुए आगामी आदेश तक शासकीय उचित मूल्या दुकान लहरची से संवद्ध किया गया.

हम गांव के चबूतरे पर बैठकर लोगों की समस्या सुन लेते है . पंचायत भवन के अतिक्रमण की शिकायत तहसीलदार से की है .

**शिवनारायण दांगी**
**सरपंच ग्राम पंचायत गाडाहेट**

इस मामले में हम सेक्टर प्रभारी को मौके पर भेजकर जांच करवा करवाएंगे . इसके बाद कार्रवाई की जावेगी .

**गोविंद सिंह सोलंकी**
**जनपद सीईओ खिलचीपुर**

# तांत्रिक क्रिया की शंका में मौत के घाट उतारा

## खुजनेर थाने के ग्राम कचनारिया में हुई घटना

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 सितंबर, का. आधुनिक हो रहे समय और समाज में तंत्र-मंत्र टोना टोटका आज भी लोगों में भय पैदा कर देता है. इस भय के चलते लोग यहां वहां उपचार कराते है और कभी-कभी गंभीर अपराधों की चपेट में भी आ जाते है.**

**खुजनेर थानांतर्गत ग्राम कचनारिया में तांत्रिक क्रिया के शक में एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी मारकर जघन्य हत्या करन की घटना प्रकाश में आई है.**

पुलिस के अनुसार खुजनेर थानांतर्गत ग्राम कचनारिया निवासी बद्रीलाल पिता भंवरलाल वर्मा उम्र 70 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 5.30 बजे अपने घर के सामने आंगन में कुर्सी पर बैठे थे तभी एकाएक गांव का बब्लू पिता रामचरण वर्मा आया और आते ही गले पर कुल्हाड़ी से वार कर भाग गया. घायल को 112 गाड़ी से उनका लड़का जयनारायण तुरंत पचोर अस्पताल लेकर गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला चिकित्सालय राजगढ़ रेफर कर दिया गया. राजगढ़ में चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. वहां चौकी पर मर्ग कायम कर पीएम करवाया गया.

### तंत्र-मंत्र की शंका पर किया हमला

बताया जाता है कि बब्लू वर्मा को किसी देवस्थान पर यह बताया गया कि तुम्हारे ऊपर गांव के बद्रीलाल वर्मा ने तांत्रिक क्रिया की है. तंत्र मंत्र की आशंका पर आरोपी ने बद्रीलाल वर्मा पर प्राणघातक हमला कर दिया. मामले में जांच उपरांत थाना खुजनेर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 307 आईपीसी के अंतर्गत अपराध कायम कर लिया है. पोस्टमार्टम होने के बाद धारा 302 आईपीसी की धारा बढ़ेगी. पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है.

# गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर महापंचायत

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितंबर, का.** मंगलवार को नगर में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी की जयंती भव्य स्तर पर मनाते हुए विशाल गुर्जर महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए. मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र भाटी गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं जिले से आए समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. महापंचायत में राजनीतिक क्षेत्र में हमारी हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया. कहा गया कि मध्य प्रदेश में गुर्जर बाहुल्य विधानसभा 70 है एवं लोकसभा बाहुल्य 12 है जिस पर आने वाले चुनाव में पूरा फोकस रहेगा.



**दहेज प्रथा बंद करने पर जोर**-इस अवसर पर समाज में दहेज प्रथा को पूर्णत: बंद करने पर जोर दिया गया तथा मृत्यु भोज को भी सीमित करने पर जोर दिया गया. ब्यावरा नगर में मुख्य जगह पर छात्रावास हेतु भूमि आवंटित करने तथा शहर के मुख्य भोपाल बायपास चौराहा पर गुर्जर समाज के महान महापुरुषों की मूर्ति लगाने के लिए जगह उपलब्ध कराने हेतु एसडीएम को ज्ञापन दिया गया. महापंचायत में करीब सात हजार लोगों ने हिस्सा लिया.

# चांदी की पायजेब-करधोना सहित नगदी चोरी

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 17 सितम्बर, सं. नगर सहित आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है. मंगलवार बुधवार के दरमियान रात नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित गढ़ी मोहल्ला में दो घरों से चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और नगदी सहित चांदी के जेवर उड़ा ले गए.**

जानकारी के अनुसार फरियादी अमर सिंह पिता राम सिंह राजपूत उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्रमांक 8 रात 11 बजे करीब वह घर का ताला बंद कर बबलू बना के कुए पर सोने चला गया था घर पर कोई नहीं था. बुधवार सुबह घर आया तो देखा कि घर के तीनों कमरों के ताले टूटे थे. घर का सामान बिखरा पड़ा था. घर के अंदर रखी आलमारी जिसमें अंदर रखी चांदी की पुरानी 400 ग्राम की पाइजेब 200 ग्राम का करदोना एवं 10000 नगदी डेढ़ कुंटल गेहूं पानी की मोटर सहित 40-50 हजार का समान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए .वही पड़ोसी सुद्दीन खान के घर की अलमारी को लाकर अज्ञात चोर तोड़कर घर के बाहर नाले की तरफ फेंक गये. जिसमें चांदी का पुराना इस्तेमाली हार हाथ के कंगन व कान के चोरी कर ले गए पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया है.

# बदमाशों ने सूने घरों से अनाज, गहने और नगदी उड़ाई

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 17 सितम्बर, सं.** नगर सहित आसपास के क्षेत्र में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है बीते शनिवार को ग्राम नरी में एक सुने घर से हुई लाखों की चोरी के चार दिन बाद ही मंगलवार बुधवार के दरमियान रात नगर के वार्ड क्रमांक आठ स्थित गढ़ी मोहल्ला में दो घरों में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और नगदी सहित चांदी के जेवर उड़ा ले गए. जानकारी के अनुसार फरियादी अमर सिंह पिता राम सिंह राजपूत उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्रमांक आठ गढ़ी के पीछे ने रिपोर्ट लिखाई की 16 सितंबर को रात 11 बजे करीब वह घर का ताला बंद कर बबलू बना के कुए पर सोने चला गया था. घर पर दोनों पुत्र भी नहीं थे. वह बुधवार सुबह घर आए तो देखा कि घर के तीनों कमरों के ताले टूटे थे. सामान बिखरा था. घर के अंदर रखी आलमारी खुली दिखी जिसमें अंदर रखी चांदी की पुरानी 400 ग्राम की पाइजब 200 ग्राम का करदोना एवं 10000 नगदी वह तीन कट्टा डेढ़ कुंटल के लगभग गेहूं पानी की मोटर व बाइक के कागजात करीब 40 से 50 हजार का कीमती समान अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए. वही पड़ोसी सुद्दीन खान के घर के ऊपर छत से अंदर घुसे अलमारी का लाकर अज्ञात चोर तोड़कर घर के बाहर नाले की तरफ फेंक दिया जो चांदी का पुराना इस्तेमाली हार हाथ के कंगन व कानके चोरी कर ले गए. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

# एकादशी पर खाटूधाम पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, झुके शीष

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितंबर, का. एकादशी के अवसर पर गुना रोड स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे.**

सुबह आरती के समय से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरु हो गया था. जयकारे गूंज रहे थे. मंदिर प्रबंधन समिति ने उज्जैन से 51 किलो लाल गुलाब और गेंदे के फूल मंगवाए जिनसे विशेष श्रृंगार किया गया. दोपहर और संध्या आरती में भक्तों की भारी भीड़ रही. नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, जिले से लोग दर्शन के लिए पहुंचे. हजारों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए. कई गांवों से ढोल, डीजे के साथ निशान यात्राएं मंदिर पहुंची. स्थानीय पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से भी निशान यात्रा निकाली गई. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात रहा. नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया. अधिक भीड़ के चलते हाइवे का रूट डायवर्ट किया गया और भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला गया.



# ब्यावरा नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितंबर, का. नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सभी के सहयोग, समन्वित प्रयासों की जरुरत है. सभी के सहयोग से ही यह कार्य संभव है.**

बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया. राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष श्रीमती लीलादेवी-स्व फूलसिंह कुशवाह ने की. मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 17 सितम्बर को स्थानीय ऑडिटोरियम में वृक्षारोपण किया गया. तत्पश्चात पंचमुखी नवीन दशहरा मैदान पर श्रमदान किया गया. राज्यमंत्री श्री पंवार ने नगर को स्वच्छ रखने हेतु सभी को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने आभार माना. इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश जोशी, पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, अमित शर्मा, इन्दरसिंह लववंशी, गोपाल बादशाह, रामबाबू पजापति, श्रीमती हेमलता शर्मा पार्षद सहित जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम गोविन्द कुमार दुबे आदि मौजूद रहे.



# रंगारंग प्रतियोगिताओं के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव

## महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर होंगे आयोजन




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितंबर, का. महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव नगर में व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है. विशाल शोभायात्रा के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे. बुधवार से महोत्सव का शुभारंभ हो गया.**

पहले दिन एक मिनट, गायन प्रतियोगिता, नाटिका आयोजित हुई. आज 18 सितंबर को एक मिनट प्रतियोगिता, नृत्य, बच्चो की रस्सी कूद, गायन प्रतियोगिता होगी.

19 सितंबर को एक मिनट प्रतियोगिता, लड्डू गोपाल का श्रृंगार, नोंक झोंक, बम्फर हाउजी प्रतियोगिता होगी. 20 सितंबर को सायं 7 बजे अग्रसेन मेला आयोजित किया जाएगा. 21 सितंबर को बच्चों की प्रतियोगिता में लकी गेम, सेल्फ स्कैच बनाना, नृत्य, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता होगी तथा सायं 7 बजे से भजन संध्या होगी. 22 सितंबर को सुबह 10 बजे वाहन रैली, दोपह 3 बजे से विशाल चल समारोह निकलेगा जो कि स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होगा. सभी प्रतियोगिताएं अग्रवाल धर्मशाला में होगी.

अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष जुगल किशोर अग्रवाल, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती भगवती अग्रवाल तथा नवयुवक मण्डल अध्यक्ष प्रतीक मंगल द्वारा समाज बंधुओं से महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

**खेतीबाड़ी** — पीला मोजेक रोग ने सोयाबीन की फसल को नुकसान पहुंचाया,कहीं कटाई होकर मंडी में आने लगी, तो कहीं खेतों में नमी

# बारिश की मार झेलने के बाद मण्डियों में पहुंची सोयाबीन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितंबर, का. इस बार अत्यधिक बारिश से लम्बे समय तक खेतो में जल भराव एवं पीला मोजेक रोग ने सोयाबीन की फसल को नुकसान पहुंचाया. फसल पकने पर कहीं कटाई होकर सोयाबीन मंडी में आने लगी है तो कहीं खेतों में नमी के कारण कटाई कार्य नहीं हो सका है. स्थानीय कृषि उपज मंडी में बुधवार को नई सोयाबीन की आवक शुरु हो गई.**

बुधवार को शुभ मुहूर्त में खरीदी की गई. शुभारंभ में सोयाबीन लेकर आये कचनारिया निवासी कृषक का पुष्पहार से स्वागत किया गया. शुरुआत की बोली 2911 रुपये प्रति क्विंटल रही. बुधवार स्थानीय कृषि मंडी में 884 क्विंटल सोयाबीन की आवक रही. न्यूनतम भाव 2500 तथा उच्चतम भाव 4440 रुपये प्रति क्विंटल रहा.



### सर्वे में भी पैदावार कम होने की संभावना

प्रभावित फसलों का आंकलन कर सर्वे का कार्य करने टीम खेतों में पहुंच रही है . जिसमें पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, सचिव, ग्राम कोटवार शामिल है . सात दिन के भीतर टीम द्वारा सर्वे कर अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय में देना है . सर्वे के दौरान भी सोयाबीन फसल को नुकसान होकर पैदावार में कमी आना सामने आया है . वरिष्ठ कृषि अधिकारी एन .एस . हरियाले के अनुसार बुधवार को करनवास, ग्राम पनाली, भीलवाडिया आदि क्षेत्रो में पहुंचकर टीम द्वारा सर्वे किया गया . ग्रामीणजनों का कहना है कि फसल में पीला मोजक, जल भराव से नुकसान पहुंचा है .

### कम पैदावार से मायूसी

प्राय : इस बार अत्यधिक बारिश तथा पीला मोजेक रोग का सोयाबीन पर काफी प्रभाव देखा गया . अधिकांश जगह सोयाबीन में पीला मोजक रोग का गहरा असर रहा . रोग की वजह से फसल का उत्पादन थम सा गया . दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाये . कई खेतों में पौधा उखड़कर नीचे आ गिरा . एक बीघा में डेढ़ से दो क्विंटल ही सोयाबीन निकल पा रही है . जबकि सामान्य तौर पर एक बीघा में तीन से चार क्विंटल तक पैदावार हो जाती है . कम पैदावार से मायूसी व्याप्त है .